# वाक्य शुद्धि

1. 'लहर' शब्द के अनुपयुक्त प्रयोग के कारण निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य 'अशुद्ध' है?

(a) सागर की लहरों पर नाव तैर रही है।

(b) मेरी कलम से स्याही लहर रही है।

(c) नदी में लहरें उठ रही हैं।

(d) माघ में हवा की लहर से हड्डी काँप जाती है।

2. 'अशुद्ध वाक्य' का चयन कीजिएः (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(a) पुस्तकालय में अनेक पुस्तकें हैं।

(b) तुलसीदास ने गीतावली की रचना की।

(c) वे परस्पर एक-दूसरे से लड़ते हैं।

(d) मेले में मिठाइयाँ बिकती हैं।

3. 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:

(a) मैंने कविता सुनाया।

(b) विमला ने गीत गाई।

(c) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हे।

(d) सब यहाँ कुशलपूर्वक हैं।

4. 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:

(a) यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती है।

(b) हम अवश्य ही जाएँगे।

(c) उसके चाचा को लड़की हुई है।

(d) मैं आपके दर्शन करने आया हूँ।

5. निम्नलिखित किस वाक्य में 'कारक' संबंधी अशुद्धि है?

(a) डाल में चिड़ियाँ गाती हैं।

पर

(b) राम ने इस विषय में सोचा।

(c) यह सत्यजीत राय का घर है।

(d) शरीर में शक्ति होनी चाहिए।

6. निम्नलिखित में से 'शुद्ध वाक्य' का चयन कीजिए:- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)

(a) पशुओं का झुंड चारों ओर पानी की चाह में घूम रहा था।

(b) कृपया आप ही यह बताने का अनुग्रह करें।

(c) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।

(d) चाहे जैसे हो, तुम वहाँ जाओ।

7. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'क्रिया' संबंधी अशुद्धि है?

(a) मैं दर्शन करने आया था।

(b) वह फल खाकर जाएगा।

(c) मंत्रों का सही उच्चारण बोलो।

(d) यहाँ मत चिल्लाओ।

8. इनमें कौन-से वाक्य 'शुद्ध' हैं?

a. महादेवी छायावादी कवियित्री हैं।
b. दवा हिलाकर रोगी को पिलाओ।
c. प्रातः काल भ्रमण उपयोगी रहता है।
d. वह मुझे बुलाया है।
e. तुलसीदास ने विनयपत्रिका लिखी।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(a) केवल b,c, और e
(b) केवल a,c, और d
(c) केवल a, b, और c
(d) केवल c, d, और e

9. इनमें कौन-से वाक्य 'शुद्ध' हैं?

a. काशी सदा भारतीय संस्कृति का केंद्र रही है।

b. पहले कलकत्ता भारत की राजधानी था।

c. लोग ठीक ही कहता है।

d. युद्ध से देश पर संकट छाती है।

e. उसका ज्ञान ही उसका पूँजी था।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:

(a) केवल b, c, d

(b) केवल c, d, e

(c) केवल a, b, e

(d) केवल a, b, c

10. 'अनुत्तीर्ण होने की खबर सुनकर उसका चेहरा गिर गया।' उक्त वाक्य की शुद्धि हेतु 'गिर' की जगह कौन-सा शब्द उपयुक्त होगा?

(a) उतर

(b) चढ़

(c) तन

(d) उदास

11. 'महाभारत अठारह दिनों तक चलता रहा।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में कौन-सा शब्द 'अशुद्ध' है?

(a) तक

(b) दिनों - दिन

(c) चलता

(d) रहा

12. 'हमारी सौभाग्यवती कन्या का विवाह होने जा रहा है।' प्रयोग की दृष्टि से उक्त वाक्य में कौन-सा शब्द 'अशुद्ध' है?

(a) हमारी

(b) कन्या

(c) सौभाग्यवती

(d) विवाह

13. शुद्ध वाक्य है-

(a) मैंने उसे बैठने की कुर्सी दी।

(b) हमारे हाथ में कुछ नहीं आया।

(c) वह मन-ही-मन में सोचने लगा।

(d) वह नदी से पानी भरने गयी है।

**14. अशुद्ध वाक्य है-**

(a) सब को नमस्ते।

(b) मैं वहाँ एक पुराने मित्र को मिला।

(c) श्याम के हाथ भेज देना।

(d) आज फिर तुम इतनी देर में आये।

15. शुद्ध वाक्य है-

(a) यह चीज सपने में भी मिलना दुर्लभ है।

(b) प्रायः ये लोग कभी-कभी अनुपस्थित रहते थे।

(c) साहित्य का अर्थ आजकल भिन्न रूप में लिया जा रहा है।

(d) मेरे विचार से शायद काम जरूर हो जायेगा।

16. अशुद्ध वाक्य है-

(a) जंगली फल और झरनों का पानी पीकर हम आगे बढ़े।

(b) मैंने उनकी बहुत प्रतीक्षा की।

(c) वह अपराधी दण्ड पाने योग्य है।

(d) मैं यह कहे बिना नहीं रह सकता।

17. शुद्ध वाक्य है-

(a) शकुन्तला जल से पौधों को सींचती थी।

(b) रोगी के पसीने की राशि बढ़ती गयी।

(c) मैं सोमवार के दिन यहाँ पहुँच जाऊँगा।

(d) आप अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहें।

18. शुद्ध वाक्य चुनिए-

(a) पुस्तक बहुत ही विद्वत्तापूर्वक लिखी गई है।

(b) आपने बड़ा अच्छा काम किया।

(c) हम लोग परस्पर मित्र हैं।

(d) उन्होंने इस बात पर आपत्ति प्रकट की।

19. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य नहीं है :

(a) हमें भोग-विलास के लिए धन नष्ट नहीं करना चाहिए।

(b) इसका अधिकार भारत को नहीं है।

(c) वह संतान को लेकर दुःखी है।

(d) इस रोग के लिए कोई ईलाज नहीं है।

**20. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन करें-**

(a) साहित्ये जीवन अपूर्ण में अधूरा है।

(b) साहित्य कठिन जीवन का संबंध है।

(c) साहित्य है जीवन भी असंभव है।

(d) साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है।

21. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन करें-

(a) इस विद्यालय में दो सौ छात्र हैं।

(b) सौ छात्र इस विद्यालय में दो हैं।

(c) छात्र इस विद्यालय में सों हैं।

(d) सो छात्र विद्यालय में हैं।

22. इनमें से कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?

(a) कोलम्बस ने अमेरिका की खोज की।

(b) चोरों को कुत्तों के समान घसीटा गया।

(c) तूफान आने का भय है।

(d) भ्रष्टाचार गहरी समस्या है।

23. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए:

(a) तेरे को आज घर में ही खेलना हैं।

(b) मैं गाने का अभ्यास कर रहा हूँ।

(c) आपका भवदीय।

(d) थोड़ी देर बाद वे वापस लौट आए।

24. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :

(a) हम अवश्य ही जाएँगे।

(b) मैं आपकी श्रद्धा करता हूँ।

(c) हमारे यहाँ नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबंध है।

(d) तब शायद यह काम ज़रूर हो जाएगा।

25. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :

(a) उसने सुन्दर खाना पकाया।

(b) मेरे को विज्ञान समझ नहीं आता।

(c) साहित्य और जीवन का घनिष्ठ संबंध है।

(d) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ।

साहित्य

गर्म


24
BSTC
(Pre D.El.Ed.)
OFFLINE BATCH START
23 MARCH
@ 8:00 AM
JOIN NOW
03 DAYS DEMO FREE
TANISHKA TOWER , SHEOPUR ROAD, GAUSHALA , JAIPUR
HELPLINE NUMBER : 9057143416-17


24
CET
(PREPARATION FOR CET EXAM - 12TH LEVEL)
NEW BATCH START
23 MARCH
@ 8:00 AM
JOIN NOW
03 DAYS DEMO FREE
TANISHKA TOWER , SHEOPUR ROAD, GAUSHALA , JAIPUR
HELPLINE NUMBER : 9057143416-17


thank you